प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक 25.10.2024

- **थाना शिवली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जुगराजपुर बिठूर निवासी 01 व्यक्ति का अपहरण कर हत्या कर देने की घटना में वांछित/पुरस्कार घोषित 01 नफर अभियुक्त को थाना शिवली पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त पर 20 हजार रुपये का इनाम था घोषित।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, वादिनी द्वारा दिनांक 19.10.2024 को थाना शिवली पर मु0अ0सं0 293/2024 धारा 140(1)/103(1)/238/3(5) बीएनएस व 3(2)(5) एससीएसटी एक्ट पंजीकृत कराया गया था। जिसमें 02 नफर अभियुक्तगण को दिनांक 23.10.2024 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा चुकी है। मुकदमा उपरोक्त में 20,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित शेष 01 नफर अभियुक्त रत्नेश कुमार उर्फ छोटू त्रिवेदी उम्र करीब 29 वर्ष पुत्र अशोक कुमार उर्फ पप्पू त्रिवेदी निवासी ग्राम जुगराजपुर बिठूर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात को आज दिनांक 25.10.2024 को थाना शिवली क्षेत्रान्तर्गत मैथा नहर पुल के पास से थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –
रत्नेश कुमार उर्फ छोटू त्रिवेदी पुत्र अशोक कुमार उर्फ पप्पू त्रिवेदी निवासी ग्राम जुगराजपुर बिठूर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त रत्नेश कुमार उर्फ छोटू त्रिवेदी ने पूछताछ में बताया कि मेरे पड़ौस के रहने वाले कन्हैया जिनके ट्रैक्टर का चालक नन्हा उर्फ राजकुमार से ओमप्रकाश रोटावेटर से कट गया था। जब वह अर्ध-मृत अवस्था में था तब अपराध को छुपाने के लिए हम लोगो ने ओमप्रकाश के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा कर उसी हत्या कर उसके शव को हम लोगो ने कन्हैया की कार की डिग्गी मे भर कर फतेहपुर जाकर बकेवर के पास नहर में फेंक दिया था।

गिरफ्तार करने वाली शिवली पुलिस टीम-

प्र0नि0 श्री हरमीत सिंह
उ0नि0 श्री गुरेन्द्र प्रताप सिंह
उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र कुमार
हे0का0 470 धर्मेन्द्र
हे0का0 343 संतोष
का0 294 राजदीप